# हिमालयी औषधि बागवानी
## मुख्यमंत्री नवाचार योजना, उत्तराखंड शासन







डॉ० शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग

जनपद- चमोली, उत्तराखंड

उत्तराखंड सरकार के शासनादेश संख्या 1185/XXIV-C-2/2021-11(2)21 उच्चशिक्षा अनुभाग-2, देहरादून दिनांक 24 नवम्बर 2021 द्वारा डॉ० शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग का चयन मुख्यमंत्री नवाचार योजना हेतु किया गया एवं महाविद्यालय को "हिमालयी औषधि बागवानी" शोध एवं विकास पाठ्यक्रम पर कार्य करने को निर्देशित किया गया।

नवाचार कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में छात्र-छात्राओं को उचित प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विशिष्ट संस्थानों के साथ मिलकर वैज्ञानिकों से वार्तालाप स्थापित किया गया एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं में कौशल विकास को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विशिष्ट रूचि के साथ प्रतिभाग किया और अपने घरों पर खेतों में औषधीय पौधों की बागवानी की। इसके साथ ही समय समय पर प्रचार- प्रसार के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय जनता को औषधीय पौधों की बागवानी को आजीविका के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित भी किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने औषधीय पौधों पर शोध कार्य भी किये एवं औषधियों का निर्माण किया जिसमें मुख्य रूप से तुलसी अर्क सम्मिलित है। शैक्षणिक भ्रमण द्वारा भी छात्र-छात्राओं को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध करने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री नवाचार योजना "हिमालयी औषधि बागवानी" को क्रियान्वित करने हेतु निम्नांकित औषधीय पादपों का चयन किया गया।

| Sl. No. | Common Name of Medicinal Plant | Botanical Name of Medicinal Plant |
|---|---|---|
| 1 | Chiya | *Salvia hispanica* |
| 2 | Mugwort | *Artemisia vulgaris* |
| 3 | Lajwanti | *Mimosa pudica* |
| 4 | Lemon grass | *Cymbopogon citratus* |
| 5 | Amla | *Phyllanthus emblica* |
| 6 | Kasni | *Cichorium intybus* |
| 7 | Brahmi | *Centella asiatica* |
| 8 | Peppermint | *Mentha piperita* |
| 9 | Badi Elaichi | *Amomum subulatum* |
| 10 | Giloy | *Tinospora cordifolia* |
| 11 | Ghritkumari | *Aloe vera* |
| 12 | Gulab | *Rosa domestica* |
| 13 | Sarpgandha | *Rauvolfia serpentine* |
| 14 | Kutki | *Picrorhiza kurrooa* |
| 15 | Sadabahar | *Catharanthus trichophyllus* |
| 16 | Ashwagandha | *Withania somnifera* |
| 17 | Mint | *Mentha arvensis* |
| 18 | Tulsi | *Ocimum tenuiflorum* |


मुख्यमंत्री नवाचार योजना



























गढ़वाल एक्सप्रेस
हरिद्वार
मुख्यमंत्री नवाचार योजना


गढवाल एक्सप्रेस


HIMAD
EDUCATION, EXTENSION
AND TRAINING CENTER








प्रदर्शन औषधीय उद्यान
डॉ. शिवानन्द नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)
मुख्यमंत्री नवाचार योजना
हिमालयी औषधि बागवानी






WEL COME
TO
HERBAL RESEARCH
&
DEVELOPMENT
INSTITUTE
MANDAL GOPESHWAR










HERBAL RESEARCH & DEVELOPMENT INSTITUTE - MANDAL, GOPESHWAR (CHAMOLI) UTTARAKHAND
जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान - मण्डल, गोपेश्वर ( चमोली ) 246401 उत्तराखण्ड
मुख्यमंत्री नवाचार योजना


























# औषधीय पादपों का संरक्षण सबका दायित्व

**डा. शिवानंद नौटियाल महाविद्यालय कर्णप्रयाग में हिमालयी औषधीय बागवानी विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला**

**संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग:** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग में नवाचार योजना के तहत हिमालयी औषधीय बागवानी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्र-छात्राओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि औषधीय शाक एवं पौध विलुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में हम सबका दायित्व बन जाता है कि औषधीय पादपों के संरक्षण के साथ इनका बागवानी के रूप में संरक्षित कर उसके उपयोग का भी प्रसार करें।

कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता हिमाद समिति गोपेश्वर के वैज्ञानिक डा. डीएस पुंडीर ने स्थानीय स्तर पर उगने वाले औषधीय पादपों के गुणों, उपयोगिता की जानकारी साझा करते हुए इनकी बागवानी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का चक्र तेजी से बदल रहा है जिसका असर अब ग्लेशियरों सहित उच्च हिमालयी क्षेत्र में उगने वाले औषधीय पादप पर भी दिखाई दे रहा है। नोडल अधिकारी एवं कार्यशाला संयोजक डा. वाईएस नैनवाल ने कहा हिमालयी औषधियां प्राचीनकाल से ही मानव कल्याण के रूप में प्रयुक्त होती रही हैं, लेकिन कोरोनाकाल में इनकी बूटियों का महत्व अधिक बढ़ा है। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से मुख्यमंत्री नवाचार योजना के लक्ष्यों की पूर्ति होगी साथ ही स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में नौनिहालों का नजरिया भी बदलेगा। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य डा. एमएस कंडारी ने कहा कि परंपरागत के साथ आयुर्वेद के ज्ञान को प्रचारित कर इसके महत्व एवं स्वास्थ्य की दिशा में कार्य किया जा सकता है। कार्यक्रम में डा. इंद्रा पांडे, डा. डीएस राणा, डा. एमएल शर्मा, डा. मुनीश मलासी, डा. कीर्तिराम डंगवाल, डा. नेत्रराम, डा. हरीश बहुगुणा सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।












4 दैनिक जागरण देहरादून, 29 मार्च, 2022

गढ़वाल जागरण

# बागवानी से रोजगार पैदा करें : कुनियाल

संवाद सहयोगी, कर्णप्रयागः डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग में हिमालयी औषधि पादप बागवानी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण में जड़ी-बूटी शोध संस्थान मंडल गोपेश्वर के वैज्ञानिक डा. सीपी कुनियाल ने छात्र-छात्राओं को स्थानीय परिवेश में उगने वाली औषधीय पादपों सहित उच्च हिमालयी क्षेत्र की दुर्लभ जड़ी-बूटी के लाभ की जानकारी दी।

उन्होंने कहा बदलते पर्यावरणीय दशा का असर अब स्थानीय पादप प्रजातियों पर पड़ रहा है और तेजी से पिघलते ग्लेशियर और घटती पृथ्वी की उर्वरा शक्ति भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। उन्होंने हिमालयी औषधीय पादपों की प्रायोगिक जानकारी साझा करते कहा अतीश, कुटकी, ब्राह्मी, तेजपात, हरड़, बहेड़ा, आवंला सहित सर्पगंधा की बागवानी कर युवा स्वरोजगार को अपना सकते है।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी वाईसी नैनवाल ने कहा प्राचीन आयुर्वेद पद्धति के संरक्षण को लेकर सरकार सकारात्मक पहल करे तो पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित रखकर युवा पीढ़ी इसे स्वरोजगार से जोड़ सकती है प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने सरकार से संचालित योजनाओं का लाभ लेने के साथ लुप्त हो रही पादप प्रजाति की जानकारी विषय विशेषज्ञों से ली। कार्यक्रम में डा.अतीन्द्र रावत, डा.वीपी भट्ट, डा.एमएस कंडारी, डा. इंद्रेश पांडे, डा.नेत्रराम आदि मौजूद रहे।

वहीं महाविद्यालय परिसर में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विभागीय परिषद के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। भाषण में गीता ने प्रथम, क्वीज में प्रियंका न प्रथम तथा पोस्टर में निकिता ने पहला स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डाक्टर एम एस कंडारी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू किए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा.कविता पाठक, डा. एमएल शर्मा, डा.केआर डंगवाल, डा. आरसी भट्ट, डा.हरीश बहुगुणा, डा.मृगांक मलासी, डा. इंद्रेश पांडेय, डा.पूनम चौहान आदि मौजूद रहे।

डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग में औषध पादप पर प्रशिक्षण कार्यशाला • जागरण

2 दैनिक जागरण देहरादून, 26 मार्च, 2022

गढ़वाल जागरण

# औषधीय पादपों का संरक्षण सबका दायित्व

*डा. शिवानंद नौटियाल महाविद्यालय कर्णप्रयाग में हिमालयी औषधीय बागवानी विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला*

संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग: डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग में नवाचार योजना के तहत हिमालयी औषधीय बागवानी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्र-छात्राओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि औषधीय शाक एवं पौध विलुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में हम सबका दायित्व बन जाता है कि औषधीय पादपों के संरक्षण के साथ इनका बागवानी के रूप में संरक्षित कर उसके उपयोग का भी प्रसार करें।

कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता हिमाद समिति गोपेश्वर के वैज्ञानिक डा. डीएस पुंडीर ने स्थानीय स्तर पर उगने वाले औषधीय पादपों के गुणों, उपयोगिता की जानकारी साझा करते हुए इनकी बागवानी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का चक्र तेजी से बदल रहा है जिसका असर अब ग्लेशियरों सहित उच्च हिमालयी क्षेत्र में उगने वाली औषधीय पादप पर भी दिखाई दे रहा है। नोडल अधिकारी एवं कार्यशाला संयोजक डा. वाईसी नैनवाल ने कहा हिमालयी औषधियां प्राचीनकाल से ही मानव कल्याण के रूप में प्रयुक्त होती रही हैं, लेकिन कोरोनाकाल में ऐसी बूटियों का महत्व अधिक बढ़ा है। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से मुख्यमंत्री नवाचार योजना के लक्ष्यों की पूर्ति होगी साथ ही स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में नौनिहालों का नजरिया भी बदलेगा। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य डा. एमएस कंडारी ने कहा कि परंपरागत के साथ आयुर्वेद के ज्ञान को प्रचारित कर इसके महत्व एवं स्वास्थ्य की दिशा में कार्य किया जा सकता है । कार्यक्रम में डा. इंद्रेश पांडे, डा. डीएस राणा, डा. एमएल शर्मा, डा. मृगांक मलासी, डा. कीर्तिराम डंगवाल, डा. नेत्रराम, डा. हरीश बहुगुणा सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

















